कार्यालयः— मण्डलीय अपर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, गढ़वाल मण्डल पौड़ी।

आदेश संख्या/सेवा.अराज./ 217 /3क(2)/विज्ञप्ति/2016–17/दिनांक 17/6/16

विज्ञप्ति

स्नातक वेतनक्रम में माह फरवरी, 2014 में उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति के क्रम में निम्नांकित विषयों में चयनित अभ्यर्थियों के सापेक्ष Y क्षेत्र के विद्यालयों में पद रिक्त न होने के कारण निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड,, देहरादून के पत्र दिनांक 02.06.2016 के अनुक्रम में उत्तराखण्ड शिक्षक (विद्यालयी शिक्षा) प्रथम नियुक्ति, पदोन्नति एवं स्थानान्तरण पर पदस्थापन नियमावली–2013 यथा संशोधित–2014 के नियम–8 में दी गयी व्यवस्थानुसार Y क्षेत्र के विद्यालयों में स्नातक वेतनक्रम में कार्यरत सहायक अध्यापक/अध्यापिकाओं को X क्षेत्र के विद्यालयों में निम्न विवरणानुसार विषयवार उपलब्ध रिक्त पदों पर स्थानान्तरण/समायोजन किया जाना है। पदों की संख्या घट बढ़ सकती है।

क्र. सं.	विषय	X क्षेत्र में समायोजन हेतु कुल पद (सामान्य शाखा)	काउन्सिलिंग हेतु निर्धारित तिथि	X क्षेत्र में समायोजन हेतु कुल पद (महिला शाखा)	काउन्सिलिंग हेतु निर्धारित तिथि
1	2	4	5	6	7
1	हिन्दी	0	23-06-2016	09	23-06-2016
2	गणित	48	23-06-2016	04	23-06-2016
3	सामान्य	58	24-06-2016	03	23-06-2016
4	वाणिज्य	03	24-06-2016	0	24-06-2016
5.	संगीत	01	24-06-2016	01	24-06-2016

पात्र अध्यापक/अध्यापिकाओं का विवरण विभागीय वेबसाइट (www. School education. uk.gov.in) पर उपलब्ध है। सम्बन्धित अध्यापक/अध्यापिका वरीयताक्रमानुसार काउन्सिलिंग हेतु निर्धारित उक्तांकित तिथि को प्रातः 10:00 बजे मण्डलीय अपर निदेशक (मा0शि0) गढ़वाल मण्डल के कार्यालय में अपने सेवा गुणांक प्रपत्रों (Teacher's Profile) सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

वेबसाइट पर उपलब्ध विषयवार पात्रता सूची में अंकित अध्यापक/अध्यापिकाओं के अतिरिक्त ऐसे अध्यापक/अध्यापिकायें, जिनका सेवा गुणांक अधिक हो, किन्तु उनका नाम विषय विशेष में पात्रता सूची में अंकित न हो, तो ऐसे अध्यापक/अध्यापिका भी उक्त तिथि को अपने सेवा गुणांक प्रपत्र (Teacher's Profile) सहित इस कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

(रामकृष्ण उनियाल)
मण्डलीय अपर निदेशक, (मा.शि.)
गढ़वाल मण्डल पौड़ी।

पृ.सं./सेवा.अराज./ 7144-46 /3क(2)/विज्ञप्ति/2016–17/दिनांक उक्तांकित।

प्रतिलिपिः— निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून की सेवा में इस अनुरोध के साथ कि कृपया उक्त विज्ञप्ति के साथ प्रेषित पात्र/अर्ह शिक्षकों की सूची विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशित करने की कृपा कीजिएगा।
2. दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान/दैनिक जागरण को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र दिनांक के संस्करण में सःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

17/6/2016

(रामकृष्ण उनियाल)
मण्डलीय अपर निदेशक, (मा.शि.)
गढ़वाल मण्डल पौड़ी।